अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2021
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** सिनेबार किसका अयस्क है? **(1)**

(A) Zn (B) Au

(C) Hg (D) Fe.

**2.** निम्न में से विषाणु जनित रोग नहीं है- **(1)**

(A) पोलियो (B) कोरोना

(C) एड्स (D) हैजा।

**3.** निम्न में से प्राथमिक सेल नहीं है- **(1)**

(A) लेक्लांशे सेल (B) डेनियल सेल

(C) वोल्टीय सेल (D) सीसा संचायक सेल।

**4.** रक्त को निम्नलिखित में से किस तापक्रम पर काँच या प्लास्टिक की वायुरुद्ध बोतलों में सुरक्षित रखते हैं? **(1)**

(A) $2.5^{\circ}C$ (B) $5.4^{\circ}C$

(C) $3.5^{\circ}C$ (D) $5.3^{\circ}C$

**5.** डार्विनवाद सम्बन्धित है- **(1)**

(A) उपार्जित लक्षणों की वंशागति (B) अंगों का उपयोग और अनुप्रयोग

(C) जीवों के आकार में वृद्धि की प्रवृत्ति (D) योग्यतम की उत्तरजीविता।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** विद्युत धारा अदिश राशि है, स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**7.** चुम्बकीय क्षेत्र से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**8.** मेण्डलीफ की संशोधित आधुनिक आवर्त सारणी में कुल कितने आवर्त तथा समूह हैं? **(1)**

**9.** एच.आई.वी. (HIV) पॉजिटिव व्यक्तियों का पता लगाने के लिए किये जाने वाले परीक्षणों का नाम लिखिए। **(1)**

**10.** प्राथमिक उपचार के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। **(1)**

**11.** ऊर्जा का पिरामिड कैसा होता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** खाद्य श्रृंखला तथा खाद्य-जाल में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** कूलॉम का नियम समझाइए **(2)**

**14.** अयस्क से धातु निष्कर्षण में प्रयुक्त होने वाली प्रविधियों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**15.** रक्त के थक्का बनने की क्रियाविधि का वर्णन कीजिए। **(2)**

**16.** यदि किसी परिपथ में $10^{5}$ इलेक्ट्रॉन एक घण्टे के लिए प्रवाहित होते हैं तो परिपथ में विद्युत धारा की गणना कीजिए। **(2)**

**17.** थेलेसिमिया रक्त दोष के परिचय कारण, लक्षण तथा परिणाम के बारे में वर्णन कीजिए। **(2)**

**18.** फर्स्ट ऐड बॉक्स क्या होता है? उसके कार्यों को समझाइए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/vigyan/2021

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/vigyan/

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN